bible educational services

शिक्षक केलिए दिशा-निर्देश

बाइबल टाइम लेवल 3 & 4

B सीरीज़

पाठ 1-6

www.besweb.com

शिक्षक केलिए दिशा- निर्देश।

यह दिशा-निर्देश उन शिक्षकों केलिए प्रकाशित किए है जो बाइबल टाइम सिखाते है। इस पुस्तिका को लेवल 3 लगभग 5-10 के आयु के बच्छो को पठाने में इस्तमाल कर सकते है।

हर एक टिचिन्ग गाइड में वही बाइबल पद का अनुकरण किया है जो बाइबल टाइम पाठ में दिए गए है। बाइबल टाइम पाठ और गाइडलाइन्स साप्ताहिक आधार पर उपयोग करने केलिए बनाया गया है। आप्रैल के पाठ क्रिस्मस से सम्बन्धित है।

कई क्षेत्रों में A4 पाठ और दूसरे क्षेत्रों में A5 पुस्तिका को जिसमे 24 पाठ शामिल है असका उपयोग करते है। आम तौर पर शिक्षक A4 मासिक पाठ का वितरण करेंगे ओर एक हफ्तें में एक पाठ को विध्यालय, गिरिजाघर, या अपने घर ले जाकर पूरा करके वापस लौटाना चाहिए। हर महीने के अन्त में शिक्षक पाठ को इकट्ठा करके जाँचने के बाद जल्द ही लौटाना चाहिए।

आदर्शरूप में पुस्तिका इस्तमाल करते वक्त सत्र के अन्त में जाँच करने केलिए इकट्ठा करते है। हम समझ सकते है कि कई परिस्थितियों में यह असम्भव है। ऐसे स्थिति में पुस्तिका को कक्षा के दुसरे बच्चों में वितरण करके उन से जाँच करवाया जा सकता है। पुस्तिका के पीछे हर महीने का अन्क लिखने और बच्चों की प्रगति के बारे में टिप्पणी लिखने का स्थान दिए गए है। एक प्रमाण पत्र भी है जिसे अलग करके छः महीनों में प्राप्त किए कुल अन्क लिखकर बच्चों को देने है।

शिक्षक केलिए तैयारी

हम आदेशात्मक नही होने चाहते जिसकी वजह से शिक्षक को अपने विचारों और तरीको से सिखाने का अवसर न मिले। यह बाइबल टाइम सिखाने केलिए सिर्फ एक सूझाव है।

- **कहानी से सुपरिचित होना** - शिक्षकों को बाइबल कहानियों और उससे जुडे बाइबल टाइम पाठ से अच्छी तरह से सुपरिचित होना चाहिए। शिक्षक को पहले पाठ पूरा करना चाहिए। हर एक पाठ की दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढकर नियोजन सहायता के रूप में भी इस्ततमाल करना चाहिए।

- **विषय को समझना** -हर एक पाठ के आरम्भ में अपने यह वाक्य देखा होगा - "हम सीख रहे हे कि" उसके बाद सीखने के दो उदेश्य भी दिए गए है जो हमे उम्मीद है कि शिक्षक के प्रस्तुति और बच्चे बाइलब टाइम को पूरा करने पर उन्हे समझ आऐंगे। सीखने का पहला उदेश्य है विषय के बारे में ज्ञान प्राप्त करना और दूसरा उदेश्य है बच्चे को इस ज्ञान के बारे में सोचने, प्रयोग करके अनुक्रिया देने केलिए प्रोत्साहन देना। यह निर्देशन पाठ में दिए गए मुख्य विषय सत्य का सूक्षम वक्तत्य है। इसे शिक्षक अपने पढाने और सीखने के अपने व्यक्तिगत मूल्यान्कन केलिए उपयोग कर सकते है।

- **परिचय कराना** - हर पाठ के आरम्भ में उन परिस्थितियों में बच्चों के अपने अनुभव के बारे में पूछकर शुरु करना चाहिए। बच्चों को पाठ का परिचय कराने केलिए कई तरीको का सुझाव दिए गए है। जिसके सहायता से कहानी की प्रारम्भ के बारे में बच्चे सम्वातात्मक चर्च कर सकेंगे।

- **पढाना**- कहानी की मुख्य सारांश हमने दिए है। हम यह नही चाहते की पढाते वक्त शिक्षक इसे देखे। हम चाहते है की शिक्षक इस पाठ से इतना परिचित हो ताकि मनेरन्जक और प्रेरणापद तरीके से बच्चों को वह सीखा पाऐंगे। शिक्षक यह चाहेंगे की बच्चे कहानी की मुख्य पाठ को समझे और उस कहानी को सीखने के बाद अनुक्रिया दे। कई प्रधान व्यख्यों को हम तिरछे अक्षरों में लिखे है।

- **सीखना** -हर एक कहानी में एक मुख्य पद दिए गए है। कई जगह दो पद दिए है। हम चाहते है की बच्चों को अक्सर मुख्य पद याद दिलाते रहे ताकि उन्हे बाइबल पदों के बारे में ज्ञान प्राप्त हो।

- **पूरा करे** - एक विध्यालय कि माहोल में बच्चो की सामर्थ्य और शिक्षक की तरह से दिए जाने वाले मदद के बारे में हमे पता होता है। कई बच्चों केलिए ज़रूरी है की शिक्षक उन्हे पाठ पढ के सुन्ाए। अन्य बच्चों स्वयं पढ सकते है। दोनों हाल में यह अच्छा होगा अगर बच्चों का ध्यान हम सवालों से सम्भन्धित निर्देशों के और खीच सके। अगर आप स्कूल से बाहर बाइबल टाइम सीखा रहे हो तो यह बहुत ज़रूरी है कि आप मदद केलिए मौजूद हो ताकि बच्चों को यह न लगे की यह एक बहुत ही मुश्किल काम या परीक्षा है। पढाते वक्त उसे मज़ेदार बनाना प्रोत्साहित करना और तारीफ करना अनिवार्य है।

• **याद करना**- पाठ को दोहराते वक्त पहेली या अभिनय द्वारा उसे मनोरंज़क बनाए ताकि बच्चों को वह हमेशा याद रहे।

1. मुख्य पद को सिखाना

पद को कागज़ या बोर्ड में लिखे और जैसे बच्चे उसे दोहरराते है पद से एक-एक पद करके निकाले ताकि अन्त में पूरा पद को निकाल दिया जाए और बच्चे उन्हे बिना देखे दोहराए।

2. मुख्य पद को परिचय कराने केलिए

A. बच्चों को दो झुण्ड में डालेः एक झुण्ड को कई अक्षर लिखे हुए परचियाँ दे और दुसरे झुण्ड को खाली परचे। बच्चे आपस में मिलकर उसे पूरा करे और सीखे।

B. सबसे पहले जो बच्चा बाइबल में यह पद ढूँढे वह जोर से उसे पढे।

समय योजना

क्रमः हर पाठ केलिए हम एक ही क्रम दिए है। लेकिन शिक्षक चाहे तो इच्छा अनुसार बदल सकते है।

1. प्रस्तुतीकरण और कहानी को सुनाना - लगभग 15 मिनट
2. मुख्य पद को पढाना - 5-10 मिनट
3. कार्य-पत्र को पूरा करना - 20 मिनट
4. सवाल-जवाब और दूसरे क्रियाकलाप - 5-10 मिनट

हमेशा यह कहावत याद रकनाः

"मुझे सुनाईए, मैं भूल सकता हूँ,
'मुझे दिखाईए, मैं याद रखूँगा,
मुझे शामिल करे, मैं सीख लूँगा।"

बाइबल टाइम पाठ्यक्रम

	लेवल 0 (प्री स्कूल) लेवल 1 (उम्र 5-7) लेवल 2 (उम्र 8-10)	लेवल 3 (उम्र 11-13)	लेवल 4 (उम्र 14+)
सीरीज़ A	1. सृष्टी 2. नूह 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. अब्राहम 6. अब्राहम 7. पतरस 8. पतरस 9. याकूब 10. प्रथम ईसाई 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी	1. सृष्टी 2. नूह 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. पतरस 6. अब्राहम 7. याकूब 8. प्रार्थना 9. पौलूस 10. पौलूस 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी	1. सृष्टी और पाप 2. उत्पत्ति 3. पतरस 4. पतरस- क्रूस 5. पतरस 6. अब्राहम 7. याकूब 8. मसीही जीवन 9. पौलूस 10. पौलूस 11. पौलूस 12. क्रिसमस की कहानी
सीरीज़ B	1. मसीह का प्रारम्भीक जीवनकाल 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. दृष्टान्त 6. यूसुफ 7. यूसुफ 8. यीशु ने मिले लोग 9. मूसा 10. मूसा 11. मूसा 12. क्रिसमस की कहानी	1. दृष्टान्त 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. प्रथम ईसाई 6. यूसुफ 7. यूसुफ 8. सुसमाचार के लेखक 9. मूसा 10. मूसा 11. मूसा 12. क्रिसमस की कहानी	1. दृष्टान्त 2. अलौकिक कर्म 3. बैतनिय्याह 4. क्रूस 5. प्रथम ईसाई 6. याकूब और परिवार 7. यूसुफ 8 प्रेरितों 2:42 आगे की और 9. मूसा 10. मूसा 11. व्यवस्था 12. क्रिसमस की कहानी
सीरीज़ C	1. दानियेल 2. और अलोकिक कर्म 3. यीशु ने मिले लोग 4. मसीह की मौत 5. रूत और शमुएल 6. दाऊद 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. योना 12. क्रिसमस की कहानी	1. दानियेल 2. यीशु ने मिले लोग 3. और अलोकिक कर्म 4. मसीह की मौत 5. रूत 6. शमूएल 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. परमेश्वर द्वारा उपयुक्त लोग (पुराना नियम) 12. क्रिसमस की कहानी	1. दानियेल 2. यीशु की कहावत 3. प्रभु की शक्ति 4. मसीह की मौत 5. रूत 6. शमूएल 7. दाऊद 8. यहोशू 9. एलिय्याह 10. एलिय्याह 11. पुराने नियम के और किरदार 12. क्रिसमस की कहानी

	B1 – लेवल 3 कहानी 1- दृष्टान्त हमारा पडोसी कौन है?	B1 – लेवल 4 कहानी 1- दृष्टान्त दो देनदारें।
	बाइबल अनुभाग: लूका 10: 25-37 ***मुख्य पद : लूका 10: 27*** **हम सीख रहे की :** 1. हमारे पड़ोसी वे हैं जिन्हें उनकी जाति या धर्म की परवाह किए बिना हमारी सहायता की आवश्यकता है। 2. परमेश्वर के लिए हमारे प्यार का प्रदर्शन हम अपने पड़ोसियों कि आध्यात्मिक, भौतिक या आर्थिक ज़रूरतों में सहायता करके कर सकते हैं।	***बाइबल अनुभाग: लूका 7: 36-50*** ***मुख्य पद : रोमियों 5: 1*** **हम सीख रहे की :** 1. हम सभी प्रभु यीशु मसीह की दृष्टि में देनदार हैं - हम सभी ने पाप किया है इसलिए हम परमेश्वर के लिए आभारी हैं। 2. यदि हमारे पाप के लिए हमें माफ़ी मिले है तो हमारे जीवन कि पवित्रता और सेवा में प्रभु यीशु के लिए प्यार और भक्ति दिखना चाहिए।
पहचान कराने	पड़ोसी शब्द के अर्थ पर चर्चा करें। और समझाएं की नज़दीक रहने से हम अच्छे पडोसी नहीं बन सकते। लेकिन दूसरों क लिए हमारी दोस्ती और अनुकंपा हमें अच्छे पडोसी बनाते है।	बच्चों को समझाएं की इस कहानी में शामिल है: 1. तीन जीवित व्यक्ति - यीशु, पापिनी स्त्री और शमौन फरीसी; 2. तीन काल्पनिक लोग - लेनदार, जो व्यक्ति 500 दीनार का देनदार था और वह व्यक्ति जो 50 दीनार का देनदार था 3. तीन सवाल - **पद 42, 44 - 49**
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. a) वह आदमी जिन्हे डाकुवों ने घेरा उसका कपडे उन्होंने उतारे और मार पीटकर उसे अधमरा छोड़ा **(पद 30)**; (b) एक सामरी दया दिखाता है **(पद 33)** और अपने घावों को बांधा, और यह सुनिश्चित करता है कि जब तक वह वापस नहीं लौट ता उसका देखभाल किया जाए। **(पद 33-35)** 2. अदन वाटिका में मनुष्यों के पाप के परिणामस्वरूप परमेश्वर हमें पापों में मरे हुए देखता है। **(इफिसियों 2:1)** परमेश्वर ने हमें पापियों के रूप में करुणा दिखाया और अपने पुत्र यीशु मसीह, इस दुनिया में भेजा ताकि उसकी मृत्यु और पुनरुत्थान के माध्यम से हम अपने पापों और हमारे जीवन में इसके प्रभाव से चंगा हो सके। अच्छे सामरी की तर, यीशु हमारे पास आकर हमारी जरूरत को पूरा किया। **मुख्य पद को सिखाएं और छात्रों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. शमौन का आत्म-धर्मी; स्त्री के पश्चाताप, आनन्द, प्रेम और कृतज्ञता के आँसू; और परमेश्वर इस स्त्री के प्रति शमौन के मन में नफ़रत को जानता था। **(पद 36-39)** 2. इस दृष्टान्त स्पष्ट करता है कि यीशु हमारा लेनदार है। हम परमेश्वर के कर्जदार हैं। और जब यीशु क्रूस पर अपना प्राण दी उसने हमारे लिए कर्ज का भुगतान किया था। यीशु जानता था कि शमौन ने खुद को 50 दिनार का देनदार और उस स्त्री को 500 दिनार देनदार के रूप में देखा रहा था। यीशु चाहता था की शमौन यह सीखे की पाप का कोई दर्जा नहीं होता। दोनों देनदार अपने कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ थे, लेकिन लेनदार ने उन दोनों को माफ़ कर दिया। **(पद 40-43)** 3. जब उनसे पूछा गया कि कौन सा देनदार साहूकार को अधिक पसंद करेंगे, शमौन को स्वीकार करना पड़ा कि वह व्यक्ति था जिसका ज्यादा कर्ज माफ किया गया था। **(पद 42)** यीशु ने उसके लिए इस स्त्री के प्यार की और शमौन पर सिमोन का ध्यान आकर्षित किया और उसे शमौन के सम्मान का अभाव और यीशु के लिए उसका प्यार से तुलना किया। **(पद 44)** यीशु ने यह भी बताया कि वह पापों को माफ कर सकता है लेकिन यह स्त्री को उसकी कर्म ने नहीं विश्वास ने बचाया था। **(पद 48-50)** **मुख्य पद का व्याख्या कीजिये और छात्रों को इसे स्मरण करने के लिए प्रोत्साहित करें। अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	बच्चों को यह दृष्टान्त के प्रयोज्यता को समझने के लिए प्रश्न पूछें।	**प्रेरितों 13: 38,39** पढ़ें और चर्चा करें कि कैसे यह पद सारांशित करता है जो प्रभु यीशु इस अध्याय में सीखा रहा है। **इफिसियों 4: 32** को पढ़ें और चर्चा करें कि जिन लोगों को माफ किया गया है वे दूसरों से कैसे व्यवहार करना चाहिए। और यह भी की हमारे सभी पापों (या क़र्ज़) को क्षमा मिलने पर कैसे एहसास होना चाहिए।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या छात्रों ने मन-परिवर्तन का अनुभव किया है? 2. निम्नलिखित लोगों के बारे में सोचें जिन से वे मित्रतापूर्ण, या स्नेहशील हो सकते हैं: a) वे लोग जिन्हे रूपांतरण का अनुभव नहीं है; (आध्यात्मिक) b) वे लोग जो अपाहज है; (शारीरिक) c) वे लोग जिसे पर्याप्त भोजन नहीं मिलते; (आर्थिक)	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. शमौन ने उदासीनता से प्रभु यीशु से बर्ताव किया, और इसका कोई सबूत नहीं है कि उसने कभी पश्चाताप करके माफी और शांति प्राप्त किया था। **(पद 50)** 2. यीशु के प्रति उनका रवैया कैसा है? क्या उन्होंने अपने पाप का पश्चाताप किया है और क्षमा मिलने के लिए प्रभु के पास गए है? 3. अगर उन्हें माफ किया गया है क्या वे अपने समय, प्रतिभा और संपत्ति के मामले में सबसे श्रेष्ठ यीशु को देते हैं? चर्चा करें की कैसे उस स्त्री ने प्रतिक्रिया दी थी?

	B1 – लेवल 3 कहानी 2- दृष्टान्त धनवान किसान।	B1 – लेवल 4 कहानी 2- दृष्टान्त मेरा पड़ोसी कौन है?
	बाइबल अनुभाग: लूका 12: 13-21 ***मुख्य पद : लूका 12: 15*** **हम सीख रहे की :** 1. धनवान किसान संपत्ति से समृद्ध था लेकिन आध्यात्मिकता में दिवालिया था। क्योंकि उसके जीवन में परमेश्वर नहीं था। 2. यदि हमारे जीवन में अन्य चीज़ों से परमेश्वर को प्रधानता देंगे तो परमेश्वर अपनी महिमा के लिए हमारे जीवन का उपयोग करेगा, 3. चाहे हमारे पास बहुत कम हो या ज़्यादा।	***बाइबल अनुभाग: लूका 10: 25-37 और फिलिप्पियों 2:1-11*** ***मुख्य पद : लूका 10:27*** **हम सीख रहे की :** 1. उनकी जाति या धर्म की परवाह किए बिना जिस व्यक्ति को हमारी मदद की आवश्यकता है वह हमारा पड़ोसी है और उसे दयालुता दिखाने हमारी जिम्मेदारी है। 2. क्रूस पर उनकी मृत्यु से प्रभु यीशु हमें बचा सकता है। जैसे कि सामरी ने किया, वह हमें सुरक्षित स्थान पर रख सकते हैं और हमारी ज़रूरतों को पूरा कर सकते हैं।
पहचान कराने	पसंदीदा संपत्ति के बारे में बात करें। लालच के पाप पर चर्चा करें, और सुनिश्चित करें कि बच्चे यह समझें कि पृथ्वी की चीजों को इकट्ठा करना और उनका मालिक बनने का तीव्र इच्छा स्वार्थी है। और यह सब हमारे मृत्यु के बाद ले जा भी नहीं सकते। दस आज्ञाओं की और संकेत करें और बताइए कि आखिरी आज्ञा 'लालच न करना' है। **(निर्गमन 20:17)**	बच्चों को समझाएं की इस कहानी में शामिल है: चर्चा करें की हमारे पडोसी कौन है।चर्चा करें कि एक पड़ोसी होना निकट रहने से ज़्यादा दयालु और मित्रतापूर्ण व्यवहार करना है। प्रभु चाहता है की उनके बच्चे अपने शत्रुओं से भी सज्जनतापूर्ण व्यवहार करें, मसीही के लिए एक उच्च मानदण्ड !
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. इस व्यक्ति का आध्यात्मिक चीज़ों के महत्व और प्राकृतिक, अस्थायी चीज़ों के संबंध में अज्ञानता के कारण यीशु ने उसे मूर्ख बुलाया। वह इसलिए मूर्ख था क्योंकि: a) एक अनीश्वरवादी मूर्ख - वह परमेश्वर के बिना अपना जीवन जी रहा था। जीवनकाल कई दिलचस्प चीजों से भरा हो सकता है लेकिन परमेश्वर के बिना यह शून्य है। वह समझ नहीं पा रहा था कि उसकी सारी संपत्ति परमेश्वर ने दिया था। b) एक दरिद्र मूर्ख - वह वास्तव में एक गरीब, अमीर आदमी था - गरीब अपने अनन्त भविष्य के संबंध में। वह परमेश्वर की बजाय अपने धन पर अपना दिल लगाते हैं। c) एक आत्म केंद्रित मूर्ख - **पद 17-19** में ध्यान दो की छः बार 'मैं', पाँच बार 'मेरे' और चार 'मैं करूंगा' शब्द का उपयोग किया है। परमेश्वर जो उन्हें यह सारे सम्पत्ति दी, उसके विचारों में भी नहीं था। उसने अपनी प्राण को भी अपना समझकर कहा - मेरा प्राण। d) एक महत्वाकांक्षी मूर्ख - वह अपनी महत्वाकांक्षा में स्वार्थी था क्योंकि वह भविष्य में चैन से खा पीकर सुख और सुरक्षा से अपनी इच्छाओं को संतुष्ट रककर जीने के बारें में बात कर रहा था। **(पद 19)** e) एक मरणोन्मुख मूर्ख - वह जिस परमेश्वर को भूल गया था उसे बताता है; 'उसका प्राण ले लिया जायेगा' **(पद 20)** परमेश्वर हमें जीवन देता है और वे हमारा जीवन ले भी सकता है। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ को पूरा करें**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. जब एक व्यवस्थापक ने यीशु से पूछा कि स्वर्ग के वारिस होने के लिए उन्हें क्या करना चाहिए, प्रभु यीशु ने उससे पूछा कि व्यवस्था में क्या लिखा गया था। उसमे लिखा गया है की परमेश्वर और पड़ोसी को सारे मन, प्राण, शक्ति और बुद्धि से प्यार करना। यीशु दिखा रहा था कि व्यवस्था या दस आज्ञाओं का उद्देश्य हमें पाप से बचाने के लिए नहीं लेकिन हमें यह दिखाने के लिए था कि हम कितने बड़े पापी है। 2. व्यवस्थापक को यह समझना था कि वह परमेश्वर के मान से चूक गए है और उसे परमेश्वर से बचाव के लिए याचना करना चाहिए था। लेकिन घमण्ड में उसने प्रभु से पूछता है, 'तो मेरा पड़ोसी कौन है?' जवाब देने के लिए प्रभु दयालु सामरी की कहानी बताता है। याजक और लेवी यहूदी थे और यहूदियों सामरी से नफरत करते थे। उन्होंने मदद करने से इंकार कर दिया, लेकिन तिरस्कृत सामरी ने पीड़ित के बचाव में आ गया। व्यवस्थापक को कबूल करना पड़ा कि घायल यहूदी के लिए सामरी एक सच्चे पड़ोसी साबित हुआ। 3. याजक और लेवि में हम पापियों की मदद करने के लिए कानून की शक्तिहीनता देखते हैं। और दयालु सामरी हमें यीशु की याद दिलाता है, जिन्होंने हमारी ज़रूरत को समझकर हमारे पास आया ताकि हमें हमारे पापों की दंड से बचा सके। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	धनवान किसान ने तीन गंभीर गलतियां कीं: 1. वह जीवन के उद्देश्य को भूल गया। **फिलिप्पियों 1:21** पढ़िए और पौलुस को उनके जीवन के लिए उद्देश्य के बारे में व्याख्या करें। 2. वह अपनी संपत्ति का खुद के लिए इस्तेमाल किया। **फिलिप्पियों 4:19** पढ़िए और समझाएं कि जब हम दूसरे की जरूरतों को पूरा करते हैं तो परमेश्वर कैसे हमारी ज़रूरतों का ख्याल रखता है। 3. वह अपने भविष्य के संबंध में सतर्क थे लेकिन अपनी आत्मा को खो दिया था। **मरकुस 8:36,37** पढ़ो और चर्चा करें कि कैसे ये पद धनवान किसान से संबंधित हैं।	फिलिप्पियों की बाइबल अध्ययन का ज़िक्र करें और इस पाठ को संक्षेप में प्रस्तुत करें। बच्चों को समझाएं कि **पद 1-4** मसीही में अच्छे पड़ोसी होने की गुणों का उल्लेख करते हैं और **पद 5-11** से पता चलता है कि यीशु प्यार का अंतिम उदाहरण है, क्योंकि वह हमारे लिए अपना प्राण दिया था।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. उन तरीकों की सूची बनाएं जिनसे हम दूसरों की मदद के लिए हमारी संपत्ति का उपयोग कर सकते हैं 2. विचार करें कि जो लोग मसीही नहीं हैं वे यीशु मसीह में अपने विश्वास को प्राथमिकता देना चाहिए (यूहन्ना) और अपने जीवन में उन्हें पहला स्थान देना चाहिएं।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** हर कोई हमारे पड़ोसी है: 1. हम शारीरिक, आध्यात्मिक या भौतिक आवश्यकताओं वाले लोगों की सहायता कैसे कर सकते हैं? 2. अच्छा पड़ोसियों के बारे में **लूका 6:35** क्या कहता है? हम यह कैसे प्रयोग में ला सकते हैं?

	B1 – लेवल 3 कहानी 3- दृष्टान्त बीज बोने वाला।	B1 – लेवल 4 कहानी 3- दृष्टान्त धनवान मूर्ख
	बाइबल अनुभाग : मरकुस 4: 1-20 ***मुख्य पद : मरकुस 4: 20*** **हम सीख रहे की :** 1. बीज परमेश्वर का वचन है। 2. विभिन्न प्रकार की मिट्टी मानव ह्रदय का प्रतिनिधित्व करती है और कितना ग्रहणशील वे परमेश्वर के वचन के लिए हैं।	**हम सीख रहे की :**
पहचान कराने	समझाओ कि यीशु ने अक्सर कुछ सच्चाई को सिखाने के लिए दृष्टान्तों का उपयोग करता था। आम तौर पर दृष्टांतों का गहरा, आध्यात्मिक अर्थ होता था। कभी-कभी उसने अर्थ की व्याख्या नहीं की लेकिन इस अवसर पर उन्होंने एक पूर्ण विवरण दिया। विभिन्न स्थानों बोए बीज, परमेश्वर के वचन के लिए अलग-अलग प्रतिक्रियाओं को दर्शाता था।	इस दृष्टांत कि पृष्ठभूमिक पर चर्चा करें। यह एक आदमी के बारें में है जो वसीयत नामा से जुड़े विवाद में हस्तक्षेप करने के लिए प्रभु से कहता है। बच्चों को याद दिलाएं कि प्रभु उसे कैसे दिखाता है कि उनके इस पृथ्वी में आने का उद्देश्य वसीयत नामा कि कानूनी मुद्दों को सुलझाने के लिए नहीं था बल्कि पापी लोगों को बचाने के लिए था। ये भौतिक चीज़े उन आध्यात्मिक मामलें जिन्हे हमारे ध्यान की ज़्यादा आवश्यकता है, उसकी तुलना में बहुत ही तुच्छ हैं।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. मार्ग के किनारे **(पद 15)** वह व्यक्ति है जो परमेश्वर से 'न' कहता है। शैतान को बीज उठाकर दूर ले जाने वाले पक्षियों से समान किया गया है। यह व्यक्ति परमेश्वर के वचन के प्रति बेपरवाह है। 2. पथरीली भूमि **(पद 16,17)** वह व्यक्ति है जो विश्वास का स्वीकार करता है, कुछ समय के लिए अच्छी तरह से उसका पालन करता है और जब उत्पीड़न आता है या उसे मसीह के पक्ष में खड़ा होना पड़ता है, वह तय करता है कि इस के लिए कीमत बहुत बड़ी है और अपनी पूरी निर्णय को त्याग देता है। उत्पीड़न के समय इस व्यक्ति की स्थिरता प्रकट होता है। 3. झाड़ियों भरे भूमि **(पद 18,19)** वे लोग हैं जो अच्छी शुरुआत करते हैं और सच्चे मसीही होते है, हालांकि वे व्यवसाय, धन और भौतिक चीज़ों में अधिक रूचि रकना शुरू करते हैं और एक मसीही बनने की निर्णय को त्याग देता है; वे निष्फल रह जाते है। 4. अच्छी भूमि **(पद 20)** वे लोग है - जो वचन को स्वीकार करके अपने पाप के पश्चाताप करते हैं और परमेश्वर पर भरोसा रखते हैं - और किसी भी कीमत पर ईमानदारी से उनका अनुगमन करते है। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. यह दृष्टान्त बताता है कि संपत्ति जीवन में प्रमुख चीजें नहीं हैं। वे परमेश्वर द्वारा हमें दिए गए हैं और हम उन्ही उनके महिमा और सम्मान के लिए उपयोग करने के लिए होती हैं। इस आदमी को यह समझना चाहिए था कि उसकी बहुतायत सम्पत्ति में से कुछ उसे ज़रूरतमंद लोगों को देना चाहिए। 2. उसने भविष्य की योजना बनाई है - ध्यान दे की कितनी बार उसने 'में' और 'मेरे' शब्द के प्रयोग किया है। **(पद 17-19)** परमेश्वर को इस आदमी के जीवन के लिए दूसरें योजनाएं थीं और उसे बताया कि उस रात उसका प्राण लिया जायेगा। **(पद 20)** उसकी साड़ी योजना कब्र पर समाप्त हो जाएगी और वह एक मूर्ख था क्योंकि उसके पास अनन्त दुनिया के लिए तैयार नहीं था। **आमोस 4:12** में दिए गए चेतावनी को देखें। 3. बताइए कि परमेश्वर इस दृष्टान्त में एक बहुत ही गंभीर सवाल पूछते हैं, '... तब जो कुछ तू ने इकट्ठा किया है वह किसका होगा?' **(पद 20)** बताओ कि हमें हमारे सम्पत्ति और प्रतिभा का उपयोग परमेश्वर के राज्य के विस्तार के लिए करना चाहिए। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	सुनिश्चित करें कि छात्रों को चार अलग-अलग प्रकार की भूमि में अंतर समझते हैं। **पद 20** में फलवन्त की अलग-अलग दर्जा के बारे में चर्चा करें; तीस गुणा, साठ गुणा और सौ गुणा, और समझाए कि सबसे अधिक फलवन्त जीवन उन लोगों का है जो स्वेच्छा से परमेश्वर के वचन का पालन करते हैं और ऐसा करने में खुशी लेते हैं।	विचार करें की **भजन संहिता 11: 4 -29** और **मत्ती 6: 19-21** कैसे इस पाठ को संक्षेप में प्रस्तुत करते है। लालच के संबंध में **निर्गमन 20:17** पर भी गौर करें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. किस प्रकार की भूमि हर एक दिल का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व करता है? 2. मसीहियों के लिए, स्कूल या अन्य जगहों पर यीशु के लिए निर्णय लेकर खड़े होने का अनुभव क्या है? 3. एक मसीही के रूप में, कुछ तरीकों के बारे में सोचें, जिससे हमारा जीवन प्रभु यीशु के लिए फलवन्त हो सकता है। हम सभी का अभिलाषा क्या होना चाहिए - तीस गुणा, साठ गुणा या सौ गुणा?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** हर कोई हमारे पड़ोसी है: 1. जीवन कि वास्तविक उद्देश्य को सुनिश्चित करने का आवश्यकता 'मेरे लिए जीवित रहना मसीह है' **(फिलिप्पियों 1:21** में पौलुस) 2. दूसरों की भलाई के लिए हमारी संपत्ति का उपयोग करने का महत्व। दूसरों की सहायता करने के लिए कुछ विचारों की एक सूची बनाएं। 3. हमारे उद्धार की कीमत पर लालच का पीछा न करने का महत्व।

	B1 – लेवल 3 कहानी 4- दृष्टान्त दूसरों को क्षमा करना।	B1 – लेवल 4 कहानी 4- दृष्टान्त बड़े भोज।
	बाइबल अनुभाग: मत्ती 18: 21-35 ***मुख्य पद : इफ़िसियों 4:32*** **हम सीख रहे की :** 1. मसीहियों को माफ करने सिखाने के लिए यह दृष्टान्त कहा गया था। 2. हम माफी में असीमित होना चाहिए।	***बाइबल अनुभाग: लूका 14:15-24*** ***मुख्य पद : यूहन्ना 6:37*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर ने स्वर्ग में उन सभी लोगों के लिए एक भोज का वादा किया है, जिन्होंने उनके बुलावा 'मेरे पास आओ' **(मत्ती 11:28)** पर प्रतिक्रिया दी थीं। 2. हम में से जिसे प्रभु यीशु के द्वारा मोक्ष मिले है, हमें यह ज़िम्मेदारी है की हम दूसरों को यीशु कि बुलावे को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करे ।
पहचान कराने	पतरस को माफ़ी के सम्बन्धी क्या समस्या था। समझाओ कि वह जानता था कि पुराने नियम में अधिक से अधिक एक व्यक्ति को तीन या चार गुना माफ़ किया जाता था। **(आमोस 2:6)** प्रभु यीशु के शिष्य के रूप में उनका मानना है कि उन्हें माफ़ी करने में और अधिक उदार होना चाहिए और सात बार माफ़ करने का सुझाव देता है। **(पद 21)** हालांकि, प्रभु सात बार के सत्तर गुने तक माफ़ करने को कहता है। जिसका मतलब है कि हमें दूसरों को क्षमा करने में असीमित होना चाहिए।	बताइए कि कैसे पूर्व में, उच्च श्रेणी के लोग दावत के लिए दो बुलावा भेजते है। पहला बुलावा बताता है कि तैयारी की आवश्यकता और दूसरा बुलावा संकेत देता है कि दावत तैयार है। इस कहानी में उन आमंत्रितों को भोजन में शामिल होने का कोई इरादा नहीं था और वे बहाने बना रहे थे।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. जब स्वामी समझ गया कि दास अपने भारी कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ था उसने तरस खाकर उसे छोड़ दिया और कर्ज भी क्षमा कर दिया। **(पद 25-27)** दास को उसका दण्ड से छोड़ देना दया का एक कर्म था। 2. हमारे पाप के महा कर्ज का भुगतान हम नहीं कर सकते। और उसकी सजा से बचने के लिए परमेस्वर की दया की आवश्यकता है। हम मसीह के कर्म के माध्यम से उद्धार प्राप्त कर सकते हैं, जिन्होंने क्रूस पर दुनिया के पाप का कर्ज चुकाया। परमेश्वर ने अपना पुत्र को भेजा जिसने 'बहुतों की छुड़ौती के लिये अपने प्राण दिया' **(मत्ती 20:28)** 3. जिस दास को माफ किया गया था, वह अपने दास को माफ कर देना चाहिए था, क्योंकि उसका कर्ज उसके तुलना में बहुत कम था। वह उसे मिला क्षमा और दया भूल गया। 4. हमें दूसरों के प्रति उसी तरह व्यवहार करना चाहिए जिस तरह प्रभु यीशु हमारे प्रति व्यवहार किया है। अगर हम प्रभु से संबंध रखने का दावा करते हैं तो हमें अपने दुश्मनों सहित अन्य लोगों को क्षमा करना चाहिए। (मुख्य पद को देखे) **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 4 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. बड़े भोजन हमें इस तथ्य की याद दिलाता है कि प्रभु यीशु ने क्रूस पर मरने से हमारे उद्धार पाने का काम समाप्त कर दिया था। और इसके परिणामस्वरूप सुसमाचार का निमंत्रण सभी के पास जाता है। 2. तीन बहाने असली नहीं थे। और हर एक मामले में उन लोगों को उपस्थित होने के लिए व्यवस्था बना सकते थे। पहला बहाना **(पद 18)**; जबकि उन्होंने माफी मांगी, यह विश्वास करना मुश्किल है कि एक यहूदी देखे बिना जमीन खरीद लेगाऔर भोजन रात को था और वैसे भी वह रात को भूमि देख नहीं पाएगा। दूसरा बहाना **(पद 19)**; यह आदमी अवज्ञापूर्ण तरीके से जवाब देता है और माफ़ी नहीं मांगता। और ऐसे लगता है की उसके लिए बैल भोजन से ज़्यादा अहम है। तीसरा बहाना **(पद 20)**; इस आदमी ने एक कमज़ोर बहाना दिया, वह अपनी पत्नी को दावत में ला सकता था। 3. पहला बहाना उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो भौतिक संपत्ति पर अधिक महत्व देते हैं। दूसरा बहाना वे हैं जो अपने व्यवसायों में बहुत व्यस्त हैं। और तीसरा बहाना उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जिनके घर की जिम्मेदारियों ने उनका समय ले लिया है। 4. मेजबान नाराज है और इन बहनों पर अपमानित महसूस करता है। और वह अपने दास को सड़कों और बाड़ों की ओर गरीब, लंगड़ा और अंधा को आमंत्रित करने के लिए भेजता है। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 4 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	चर्चा करें की कैसे यह पद दया और अनुग्रह दोनों को दर्शाता है। **तीतस 3:5** को पढ़े। हमें उद्धार हमारे धर्म के कामो की वजह से नहीं मिला बल्कि प्रभु यीशु के अनुग्रह के कारण मिला। और समझाए कि दया हमें एक सच्ची रास्ता प्रदान करती है जिससे हम परमेश्वर की सजा से बच सकते हैं। **इफ़िसियों 2:8** पढ़े 'अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है।' उद्धार पाना परमेश्वर का अनुग्रह और दान है - जो हमें अनन्त सुरक्षा देती है, जिसका हम योग्य नहीं हैं और हमारे दम पर इसे कभी प्राप्त नहीं कर सकते।	समझाओ कि यह दृष्टान्त दिखते है की जो लोग सुसमाचार को खारिज किया वे यहूदी थे और फिर यह जातियों को पेशकश की गई जो ज़्यादा अनुकूल थे। सुनिश्चित करें कि छात्रों इसका प्रासंगिकता समझते है कि जो लोग परमेश्वर की दया और अनुग्रह को अस्वीकार करते रहते हैं, वे एक दिन पाएंगे कि बहुत देर हो चुकी है। और स्वर्ग में सुसमाचार के दावत के द्वार बंद हो गया है। कुछ बहाने के बारे में सोचें जो आज कल की लोग सुसमाचार का विरोध करने के लिए बना सकते हैं।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. यह पाठ माफी के बारे में कैसे चुनौती देता है? 2. हम दूसरों को क्षमा क्यों करना चाहिए? **3. इफ़िसियों 4:32** को पढ़े यह जानने के लिए की क्षमा के साथ वे अन्य गुण क्या हैं जो हममे होना चाहिए।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. सड़कों और बाड़ों से आए लोग यह दिखाते है की शाही मेज पर बैठने के लिए कोई भी अयोग्य नहीं है। 2. सभी को उद्धार के अनुग्रह में लाने के लिए प्यार से अननय कर सकते है। लोगों को परमेस्वर के राज्य में प्रवेश करने लोगों के लिए अभी भी जगह बाकी है।

	B2 – लेवल 3 कहानी 1- आश्चर्यकर्म पानी दाखरस में बदलना।	B2 – लेवल 4 कहानी 1- आश्चर्यकर्म पानी दाखरस में बदलना।
	बाइबल अनुभाग: यूहन्ना 2: 1-11 *मुख्य पद : यूहन्ना 2: 11* **हम सीख रहे की :** 1. हमें प्रभु यीशु का आज्ञा पालन करना चाहिए। 2. जब हम प्रभु यीशु पर भरोसा करते हैं, तो वह हमारे जीवन में खुशी लाता है।	*बाइबल अनुभाग: यूहन्ना 2:1 -11* *मुख्य पद : यूहन्ना 15:14, यूहन्ना 2:5* **हम सीख रहे की :** 1. अगर हम प्रभु यीशु से प्यार करते हैं तो हमें शादी में मरियम ने जो निर्देश दासों को दिया उसे सुनना चाहिए; 'जो कुछ वह तुम से कहे, वही करना।' **(यूहन्ना 2:5)** 2. इस आश्चर्यकर्म को करके प्रभु यीशु ने सभी लोगों को यह दिखाया कि वह वास्तव में मानव शरीर में परमेश्वर ही थे, और चेलों के विश्वास को और मजबूत किया।
पहचान कराने	एक पूर्वी शादी के विचारों का परिचय दे। समझाएं कि इस भाग में मरियम को यीशु की मां कहा गया है **(पद 1)** समझाओ कि प्रभु यीशु कुँवारी मरियम का पुत्र होने की वजह से प्रसिद्ध नहीं था लेकिन मरियम मशहूर हुई क्योंकि वह प्रभु की मां थी। समझाएं कि बाइबल हमेशा प्रभु यीशु को मरियम से ऊँचा स्थान देती है।	चर्चा करें की आश्चर्यकर्म क्या है? और वे सुसमाचारों में क्यों दर्ज हैं? यूहन्ना का सुसमाचार में सात आश्चर्यकर्म के बारें में ज़िक्र किया गया है जो जो सभी खुले आम किए गए थे। जिनमें से पहला गलील के काना की शादी में हुआ। अन्य आश्चर्यकर्म थे: राजकर्मचारी के पुत्र को चंगा करना; बैतहसदा कुण्ड के पास रोगी को चंगा करना; पांच हजार पुरुषों को खिलाना;यीशु का समुद्र पर चलना; अंधा आदमी की चंगा; और लाज़र को मृतकों में से जी उठाना। चेले के लिए निजी तौर पर आयोजित आठवें चमत्कार था पुनरुत्थान के बाद 153 मछलियों की चमत्कारी पकड़ में।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. प्रभु यीशु को शादी में आमंत्रित करना बहुत ज्ञानपूर्ण निर्णय था, जैसे कि हमारे दिल में, हमारे घर में और हमारे सामाजिक जीवन में यीशु को आमंत्रित करना। 2. शादी की शुरुआत में ही दाखरस खत्म होने पर मेहमान निराश हो गए थे। लेकिन ऐसे स्थिति में उन्होंने मदद के लिए प्रभु यीशु की तरफ देखा। 3. सबसे अच्छा दाखरस आखिर के लिए रकना हमें यह याद दिलाता है की हमारे मसीही जीवन बेहतर होता रहता है। 4. यह आश्चर्यकर्म ने दिखाया की मसीह परमेश्वर के पुत्र है और चेलों के विश्वास भी इसके बाद मजबूत हो गया। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. प्रभु यीशु, उसकी मां और चेले सब उस शादी के मेहमान थे जहां पानी दाखरस में बदल गया था। 2. मरियम ने अपने दासों को प्रभु यीशु के पास भेजा और उसने जो नौकरों को बताया वह उसकी अंतिम दर्ज शब्द थे:'जो कुछ वह कहे, वही करना।' उसने उपस्थित लोगों को प्रभु यीशु की ओर निदेशित किया क्योंकि किसी और के बजाय वे ही है जिसका आज्ञा मानना चाहिए । 3. साधारण रीति से शादी के शुरुआत में सबसे अच्छी दाखरस की सेवा होता था लेकिन इस शादी में अंत में सबसे अच्छा दाखरस परोसा गया था। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	एक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से इस आश्चर्यकर्म की समीक्षा करो जिससे बच्चों को इस पाठ के प्रश्नों का उत्तर देने में मदद मिले।	ऊपर दिए तथ्य को मसीही जीवन में लागू करके सबक की समीक्षा करें। ध्यान दे: 1. बाइबल में दाखरस खुशी दिखाता है। जब मरियम ने कहा: 'उनके पास दाखरस नहीं रहा।' **(पद 3)** वह इसकी सही वर्णन कर रहे थे जिन अविश्वासियों ने प्रभु यीशु पर भरोसा नहीं किया है, उन्हें कोई स्थायी खुशी नहीं होती है। 2. जो लोग प्रभु यीशु से प्यार करते हैं वे परमेश्वर के वचन - बाइबल में जो कहा गया है, वह करते हैं।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. चर्चा करें की प्रभु यीशु को अपने दिल में आमंत्रित करने का क्या मतलब है? **नीतिवचन 3:5-6** पढिएं, यह जानने के लिए कि प्रभु हमें उनके लिए एक फलवन्त जीवन जीने में कैसे मदद करेगा। **2. भजन संहिता 16:11** पढ़े, यह पता लगाने के लिए की व्यक्तिगत रूप से प्रभु यीशु को उधारकर्ता के रूप में जो लोग स्वीकार करते है उसे स्वर्ग में कितना आनंद मिलेगा।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. विचार करें कि हम प्रभु यीशु को हमारे व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में कैसे भरोसा करते हैं। 2. हमारे जीवन के लिए परमेश्वर की इच्छा जानने के लिए बाइबल पढ़ने और प्रार्थना करने के महत्व पर चर्चा करें।

	B2 – लेवल 3 कहानी 2- आश्चर्यकर्म बालक का चंगा होना।	B2 – लेवल 4 कहानी 2- आश्चर्यकर्म बालक का चंगा होना।
	बाइबल अनुभाग: यूहन्ना 4: 43-54 ***मुख्य पद : यूहन्ना 4: 50*** **हम सीख रहे की :** 1. राजा का कर्मचारी का बेटा बहुत बीमार था और मरने वाला था। और यीशु उसका पास नहीं था। लेकिन यीशु ने उसे चंगा किया। 2. हम सभी पाप में जन्म लेते हैं और प्रभु यीशु से बहुत दूर हैं, लेकिन जब हम पश्चाताप करके माफी के लिए उसके पास जाते हैं वह हमें नया जीवन देता है।	***बाइबल अनुभाग: यूहन्ना 4: 43-54*** ***मुख्य पद : प्रीरितों 16: 31; रोमियों 10:9*** **हम सीख रहे की :** 1. राजा का कर्मचारी का बेटा मौत के करीब था। और केवल प्रभु यीशु को उसे फिर से जीवित करने की शक्ति थी। 2. धार्मिक मायने में हमारे पाप एक बीमारी है, जिससे आत्मिक मृत्यु हो जाएगी। और केवल प्रभु यीशु ही हमें अनन्त जीवन दे सकता है।
पहचान कराने	छात्रों को याद दिलाना कि प्रभु यीशु काना की अपनी पहली यात्रा पर पानी को दाखरस में बदल दिया और अब काना में एक और आश्चर्यकर्म लोग देखने जा रहे थे - राजा का कर्मचारी का बेटा को चंगा करना। पाठ पर नक्शा का उपयोग करके यह दिखाने कि यीशु काना में था और वह लड़का कफरनहूम में और व्याख्या करना कि भले ही बालक शारीरिक रूप से वहां मौजूद नहीं था यीशु की शक्ति वहां महसूस किया गया।	छात्रों को याद दिलाएं कि प्रभु यीशु मसीह ने यह आश्चर्यकर्म कैना में किया था। इससे उनकी प्रसिद्धि फैल गई थी, इतना कि लड़के के पिता जो हेरोदेस राजा के कर्मचारी ने सोचा कि प्रभु यीशु को बालक को चंगा करने के लिए शारीरिक रूप से वहां होना था। प्रभु यीशु ने उसका विश्वास के इस अभाव के लिए उससे गुस्सा नहीं किया। लेकिन जो विश्वास उसने दिखाया उसके लिए उसे ज़्यादा अनुग्रह दिया। प्रभु यीशु अधिक प्रसन्न है जब लोग अपने आश्चर्यकर्मकी तुलना में अपने शब्दों में विश्वास करते हैं - पहले विश्वास करें और फिर देखें।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. इस लड़के का पिता एक यहूदी था और राजा हेरोदेस का एक कर्मचारी था। लगता है कि दूसरे यहूदीयो की तुलना में वह प्रभु यीशु पर ज़्यादा विश्वास करता था और उसने परमेश्वर को साथ चलकर उसके गंभीर रूप से बीमार बेटे को चंगा करने को विनती की। 2. लड़के के पिता का मानना था कि बेटे को चंगा करने के लिए प्रभु यीशु को उसके बिस्तर के पास होना चाहिए था। लेकिन परमेश्वर ने उसे बताया कि उसके पुत्र को चंगा किया गया था। कर्मचारी ने प्रभु के वचन पर विश्वास किया और घर की और चला गया। जब उन्होंने नौकर से पूछा कि बालक ठीक किस समय चंगा हुआ तब उसके नौकरों के जवाब से वह समझ गया कि यह उसी समय था जब प्रभु यीशु ने उसे बताया था कि बालक चंगा हो गया है। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 2 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. बीमार बेटे और पिता का अनरोध। बीमारी और मौत, अमीर या गरीब सभी के पास आती है, लेकिन सभी को अपनी आत्मिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रभु यीशु की आवश्यकता है। प्रभु यीशु ने पाप को बीमारी से तुलना की - **मत्ती 9:12,13** देखें। बाइबल यह भी सिखाती है कि जो लोग प्रभु यीशु को जानते हैं उन्हें अनन्त जीवन प्राप्त होता है और जो लोग उसे नहीं जानते उन्हें अनन्त जीवन नहीं मिलता। **(1 यूहन्ना 5:10-14)** 2. परमेश्वर का जवाब। प्रभु यीशु उसका विश्वास का परीक्षण कर रहा था जब उसने कहा 'तेरा पुत्र जीवित है' **(पद 50)** आज की तरह उस समय भी लोग प्रत्यक्ष मूल्य पर परमेश्वर का वचन स्वीकार करने के बजाय चिन्ह और चमत्कार देखने चाहते थे। **(पद 48)** देखने से पहले विश्वास ! 3. परिणाम। परमेश्वर का शब्द जीवित है और इसके द्वारा हम प्रभु यीशु को व्यक्तिगत रूप से जान सकते है और विश्वास में स्थिर हो सकते है। क्योंकि परमेश्वर के वचन के पीछे परमेश्वर की सारी शक्ति है। राजा का कर्मचारी ने विश्वास किया कि उसका बेटा चंगा हो गया और इस कारण उसके पूरे परिवार ने भी प्रभु पर विश्वास किया। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	मुख्य पद **यूहन्ना 4:50** सीखें और चर्चा करें कि यह कैसे इस पाठ का सारांश देता है कि प्रभु यीशु मसीह की शक्ति ने न केवल कर्मचारी के बेटे को चंगा किया था लेकिन अब कर्मचारी के पूरे परिवार ने यीशु पर विश्वास किया।	**इब्रनियों 11:6** - 'विश्वास बिना उसे प्रसन्न करना अनहोना है।' इस पद पर विचार करें। और चर्चा करें कि कैसे यह अभी सीखे गए अध्याय से सबन्धित है।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. हम सभी को अनन्त जीवन के लिए प्रभु यीशु पर भरोसा करके उनका आज्ञा पालन करना चाहिए। 2. एक युवा मसीही के रूप में, हमें इस बात की सराहना करनी चाहिए कि प्रभु यीशु को एक आश्चर्यकर्म या प्रार्थना का उत्तर देने के लिए शारीरिक रूप से उस जगह मौजूद होने की ज़रूरत नहीं है। अपने उद्देश्यों को वे किसी भी समय कहीं भी कर सकता है। यह हमें हमारी प्रार्थना जीवन में प्रोत्साहित करना चाहिए।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. राजा के कर्मचारी ने प्रभु पर विश्वास करके घर वापस चला गया। वह अपना विश्वास प्रवर्ति में दाल रहा था। घर या स्कूल में हमारे विश्वास को हम प्रदर्शित करने की तरीकों के बारें में सोचिए। 2. प्रभु यीशु में हमारा विश्वास आज की संस्कृति में रखना हमें कैसे चुनौती देता है? उन लोगों को के बारें में चर्चा करें जो पहले देखना चाहते हैं और फिर विश्वास करते हैं। और उन लोगों के बारें में भी जो पहले विश्वास रखते हैं, और फिर अपने जीवन के लिए परमेश्वर की इच्छा को देखते है।

	B2 – लेवल 3 कहानी 3- आश्चर्यकर्म अंधे को दृष्टिदान।	B2 – लेवल 4 कहानी 3- आश्चर्यकर्म अंधा बरतिमाई।
	बाइबल अनुभाग: मरकुस 10: 46-52 ***मुख्य पद : मरकुस 10: 52*** **हम सीख रहे की :** 1. बरतिमाई को एक अत्यावश्यक जरूरत थी, वह अपनी आवश्यकता जानता था और वह निर्धारित किया था कि प्रभु यीशु उस आवश्यकता को पूरा करेगा। 2. प्रभु यीशु ने बार्थिमयी की प्रार्थना का उत्तर दिया। और बरतिमाई ने यरूशलेम की आखिरी यात्रा में प्रभु यीशु के साथ जाकर उसका आभार प्रदर्शित किया।	***बाइबल अनुभाग: मरकुस 10: 46-52*** ***मुख्य पद : मरकुस 10: 52*** **हम सीख रहे की :** 1. जैसे बरतिमाई को बुलाया गया था **(पद 49)** प्रभु यीशु सुसमाचार के प्रचार के माध्यम से उन लोगों को बुला रहे हैं जो आत्मिक रूप से अंधा हैं। 2. जब हम प्रभु यीशु पर उद्धार के लिए भरोसा करते हैं तो हमें हमारी पापी ज़िंदगी पीछे छोड़कर उनका अनुगमन करना चाहिए।
पहचान कराने	बच्चों से पूछें कि वे किसी अंधे को जानते हैं। और ऐसी व्यक्तियों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में बात करें। चर्चा करें की अंधा लोगों का मदद की जा सकती है लेकिन शारीरिक अंधापन ठीक नहीं किया जा सकता।	बच्चों को समझाए कि प्रभु यीशु के समय में अंधे लोगों को बहुत कम मदद मिलते थे और उन्हें जीवित रहने के लिए भीख मांगने पड़ते थे। इन दिनों में अंधों कि ज़िंदगी इतनी बुरी नहीं हैं।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. अंधा बर्थिमयी, एक यहूदी, का मानना था कि यीशु मसीह दाऊद की सन्तान था। आम तौर पर यहूदियों इस सत्य का विश्वास नहीं करते थे। 2. बरतिमाई उनकी दृष्टि लौटाने में मदद के लिए पुकारता रहा। और स्वर्ग और पृथ्वी के निर्माता और ब्रह्मांड के संभालनेवाला यीशु, भिखारी की रोना सुनकर ठहरा **(पद 49)** और उसे अपनी दृष्टि वापस कर दिया। 3. बरतिमाई ने क्रूस पर चढ़ने से पहले यरूशलेम की आखिरी यात्रा पर यीशु का अनुगमन करके अपना कृतज्ञता दिखाया। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. बरतिमाई अंधा और गरीब भी था, हमें यह याद दिलाते हुए कि हम आत्मिक रूप से अंधे हैं। और उस वजह से हम नहीं जानते कि हम कहां जा रहे हैं। 2. यह बरतिमाई के लिए प्रभु यीशु से मिलने का आखिरी मौका हो सकता है और इसलिए उसने मन लगाकर प्रभु से पुकारते रहा: 'मुझ पर दया कर' **(पद 47)**। उद्धार एक व्यक्तिगत कार्य है जैसा 'मुझे' शब्द के प्रयोग से स्पष्ट किया गया है। 3. बरतिमाई ने उन सब कुछ छोड़ दिया जो प्रभु यीशु के पास आने से उनपर बाधा डाल रहा था। और उसकी दृष्टि मिलने के लिए उनका पुकार का तुरंत जवाब मिला और वह प्रभु यीशु कि अनुगमन करने लगा। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	**पद 51** में बरतिमाई की संक्षिप्त प्रार्थना पर और **पद 52** में यीशु की त्वरित जवाब की ओर बच्चों का ध्यान आकर्षित करें। जैसे यीशु बरतिमाई से पुछा कि वह उनसे क्या चाहता है, हम सीख सकते हैं की प्रभु यीशु पर भरोसा करके उनका अनुगमन करना अत्यावश्यक है क्योंकि ऐसा करने का अवसर हमेशा हमारे लिए उपलब्ध नहीं होगा। अगर बरतिमाई ने इस अवसर को जाने दिया होता तो वह प्रभु यीशु को दुबारा कभी नहीं मिलते।	**मत्ती 4:18 - 22** पढ़ो और उन दोसरें लोगों के बारे में पता लगाएं जो तुरंत सब छोड़कर प्रभु यीशु का अनुगमन किया। **इफिसियों 6:10-18** और **कुलस्सियों 3:8 -17** पढ़े यह पता लगाने के लिए कि प्रभु यीशु अपने अनुयायियों से कैसे गुणों की आशा करते है। इन बाइबल वाक्यों से छह मुख्य चीजों की एक सूची बनाओ, जो मसीही जीवन के विशेषताएं या गुण है।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. यह देखकर प्रभु यीशु खुश हुए होंगे यह जानकार कि एक अंधा यहूदी को सच्चे आध्यात्मिक दृष्टि है और वह उनका अनुगमन करने के लिए तैयार था। सभी को प्रभु यीशु पर भरोसा करके उनका अनुगमन करना चाहिए ताकि उनको खुशी मिले। 2. हमारी प्रार्थनाएं लंबे होने की जरूरत नहीं है। हम प्रभु यीशु को बता सकते हैं कि हम उससे प्यार करते हैं और उससे पूछें कि वह क्या चाहता है कि हम उसके लिए क्या करें। 3. बच्चों से अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के बारे में कुछ छोटी, प्रासंगिक प्रार्थना करने के लिए कहे।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. प्रभु यीशु कि बुलावे को सुनना और समय रहते ही मोक्ष के लिए उन से प्रार्थना करने के महत्व। 2. जब हम प्रभु यीशु के अनुयायी हैं उसकी शक्ति हमारे जीवन में काम करती है। और हमारे जीवन को उनका इच्छा पूरी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हम अपने पुराने पापी जीवन के साथ समाप्त कर दिया है और प्रभु यीशु के साथ हम एक नया जीवन शुरू किया है। **3. यूहन्ना 8:12** को पढ़िए और विचार करें कि अतीत की डर छोड़ने और ज्योति में चलने का क्या अर्थ है।

	B2 – लेवल 3 कहानी 4- आश्चर्यकर्म दस कोढ़ियों को चंगा करना।	B2 – लेवल 4 कहानी 4- आश्चर्यकर्म दस कुष्ठरोगी।
